विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग
प्राचार्य का कार्यालय
राजकीय पोलिटेकनिक बरौनी, बेगूसराय।
(अति अल्पकालीन निविदा)

निविदा सूचना सं0 –02/2018–19, दिनांक –12/02/2019

राजकीय पोलिटेकनिक बरौनी, बेगूसराय में कमप्यूटर लैब के लिये आवश्यक (उपकरण/कमप्यूटर/उपस्कर आदि) सामग्रियों की आपूर्ति हेतु (द्वि–निविदा प्रणाली के अनुसार) मुहरबन्द लिफाफे में स्पीड पोस्ट/ कुरियर या निबंधित डाक द्वारा निबंधित उत्पादकों या मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठानों या आपूर्तिकर्त्ताओं से दिनांक 02/03/2019 के संध्या 5:00 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रणाली के अनुकूल तकनीकी एवं वित्तीय निविदा अलग–अलग मुहरबंद लिफाफे में जमा किए जाएंगे। दोनों मुहरबंद लिफाफों को एक बड़े मुहरबंद लिफाफा में डालकर जमा किया जाना है। लिफाफे के उपर निविदा संख्या एवं निविदा जमा करने की अंतिम तिथि स्पष्ट रुप से अंकित होना चाहिए।

तकनीकी निविदा के साथ अद्यतन **GST NUMBER /PAN CARD** विगत दो वर्षो का आयकर रिटर्न (**Balance Sheet** सहित) / फर्म के काली सूची में दर्ज नही होने संबंधित शपथ पत्र एवं रूपये 10,000.00(दस हजार) मात्र का **BANK DRAFT** अग्रधन की राशि के रूप में जमा होगा, जो **Principal Government Polytechnic Barauni** के नाम से **Begusarai** में देय होनी चाहिए। उपरोक्त सभी कागजातों की विविरणी निविदादाता के **Letter Pad** पर तकनीकी लिफाफा में जमा करना होगा। अग्रधन क्रय प्रक्रिया पूरा होने के पश्चात वापस कर दी जायेगी। निविदा संबंधि किसी प्रकार की जानकारी असत्य पाए जाने पर अग्रधन की राशि जब्त कर ली जाएगी।

वित्तीय निविदा के रूप में सामग्रियों का दर **TAX** छोड़कर होना चाहिए एवं कर **(TAX)** का दर स्थापना एवं प्रदर्शन सहित शामिल होगा। नगद या अग्रिम भुगतान अनुमान्य नही होगा। भुगतान सामानों की प्राप्ती, उनके सफल प्रदर्शन एवं अधिष्ठापन के उपरान्त किया जायेगा। निविदा या इसके किसी अंश को बिना कारण पूर्णतः या अंशतः स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित है। आवंटन की विलंबता की स्थिति में निविदा को स्थगित / रद्द किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र दिनांक 22/02/2019 से दिनांक 28/02/2019 तक किसी भी कार्य दिवस के कार्यावधि में रू0 500.00 (रूपये पॉच सौ) मात्र प्रति निविदा भुगतान कर **प्राचार्य के कार्यालय, राजकीय पोलिटेकनिक बरौनी, बेगूसराय** से प्राप्त किया जा सकता है। क्रय समिति की बैठक दिनांक 06/03/2019 को पूर्वाह्न 11:00 बजे अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में होगी जिसमें निविदादाता या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं। इसके लिए उन्हें किसी प्रकार की सूचना अलग से नही दी जाएगी।

12-2-19
प्राचार्य
राजकीय पोलिटेकनिक बरौनी
बेगूसराय।